राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल श्री मिश्र ने श्री प्रेम सिंह राजकीय महाविद्यालय भवन छीपाबड़ौद का किया लोकार्पण

## बालिका को शिक्षा से सकारात्मक विकास- राज्यपाल

जयपुर/बारां, 16 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि शिक्षा के अवसर सभी को समान रूप से प्राप्त होने चाहिए। शिक्षा जीवन को संवारती है एवं बालिकाओं की शिक्षा को बढावा देना चाहिए जिससे पूरा परिवार शिक्षित होता है।

राज्यपाल बुधवार को बारां जिले के दौरे के तहत नवनिर्मित श्री प्रेम सिंह सिंघवी राजकीय महाविद्यालय भवन छीपाबडौद के लोकार्पण समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थाओं की स्थापना के साथ महिला शिक्षा को बढावा देना आवश्यक है। एक महिला जिस परिवार में पढ लेती है वो पूरा परिवार शिक्षित हो जाता है। महिला शिक्षा का अर्थ समाज को व्यवहारिक रूप से सम्पन्न करना है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि शिक्षा मनुष्य को आन्तरिक जगत से सामंजस्य और बाह्य जगत में समायोजन करना सिखाती है। इससे व्यक्ति विवेकशील व ज्ञानवान होकर सही निर्णय लेने में सक्षम होता है। शिक्षा नवाचार के अवसर प्रदान करती है और कक्षा में पुस्तकें पढने का अभ्यास ही जीवन में अनुशासन सिखाता है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने आत्मनिर्भरता की सीख दी थी और शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होकर वांछित लक्ष्यों की प्राप्ति की जा सकती है।

राज्यपाल ने कहा कि महात्मा गांधी ने बुनियादी शिक्षा को आगे बढाया था जिससे शिक्षा का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों को अधिक से अधिक मिले और युवा ग्राम में उच्च शिक्षा प्राप्त कर ग्राम के विकास में सहभागी बने। ग्रामीण युवा शिक्षा प्राप्त कर रोजगार के लिए शहरों की ओर पलायन करते है जबकि उनको ग्राम में रहकर हस्तशिल्प, कृषि एवं स्थानीय कार्य को आगे बढाने के लिए शिक्षा का उपयोग करना चाहिए। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ किया जा सकेगा।

राज्यपाल ने कहा कि छीपाबडौद में स्थानीय विधायक प्रताप सिंह सिंघवी द्वारा अपने पूर्वजों की स्मृति में महाविद्यालय के निर्माण से बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त हो सकेगी।

समारोह में राज्यपाल द्वारा संविधान की प्रस्तावना एवं मूल कर्तव्यों का वाचन किया। इस मौके पर विधायक श्री प्रताप सिंह सिंघवी द्वारा राज्यपाल श्री कलराज मिश्र के जीवन पर आधारित अभिनन्दन पत्र भी थेंट किया गया। विधायक सिंघवी ने अपने उद्बोधन में नवनिर्मित महाविद्यालय में वॉलीवाल, बैडमिंटन एवं फुटबॉल मैदान बनाने की घोषणा भी की।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने महाविद्यालय परिसर में श्री प्रेम सिंह सिंघवी की प्रतिमा का अनावरण भी किया।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को छीपाबड़ौद पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। विधायक श्री सिंघवी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जिला कलक्टर श्री नरेेन्द्र गुप्ता, पुलिस अधीक्षक श्री कल्याणमल मीणा ने बुके भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया।

-------